SLCM GROUP IN NEWS: KISSANDHAN

Publication	Date	Edition	Page No
Gurgaon Today	May 14, 2025	Gurgaon	4

किसानधन एग्री फाइनेंशियल सर्विसेस और द्वारा सॉल्यूशंस में साझेदारी

गुड़गांव टुडे, नई दिल्ली

अग्रणी टेक-फिन कंपनी द्वारा सॉल्यूशंस ने किसानधन एग्री फाइनेंशियल सर्विसेस प्रा. लि. के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। किसानधन भारतीय रिज़र्व बैंक से विनियमित एक एनबीएफसी है और सोहन लाल कमोडिटी मैनेजमेंट लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। इस साझेदारी के तहत, किसानधन 'द्वारा सॉल्यूशंस' के प्रमुख तकनीकी प्लेटफॉर्म पेर्डिक्स का उपयोग करेगी, जिसमें लोन ओरिजिनेशन सिस्टम, लोन मैनेजमेंट सिस्टम, रिपोर्ट्स, प्लेटफॉर्म सर्विसेस और को-लेंडिंग मॉड्यूल शामिल हैं।पेर्डिक्स फिलहाल 20 से अधिक संस्थानों द्वारा उपयोग किया जा रहा है और यह 15,000 करोड़ रुपये से अधिक की एसेट अंडर मैनेजमेंट को सक्षम बनाता है। इस तकनीक को अपनाकर किसानधन, माइक्रो लोन अगेंस्ट प्रॉपर्टी, ग्रुप लोन, किसान लोन और मीडियम टर्म लोन की पेशकश को और बेहतर बना सकेगी। अब तक किसानधन 3,263.99 करोड़ के लोन किसानों को वितरित कर चुकी है, जिससे 7 लाख से अधिक किसानों को लाभ मिला है। इनमें कृषि और इससे जुड़े क्षेत्रों में 37,185 महिला लाभार्थी भी शामिल हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य किसानधन के लोन प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटाइज करना, परिचालन की दक्षता बढ़ाना, ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाना और सभी नियामकीय मानकों का पालन सुनिश्चित करना

है। विभिन्न प्रकार के उधारकर्ताओं को बहु-एसेट ऋण देने में किसानधन की विशेषज्ञता उद्योग में अलग पहचान रखती है। कंपनी हर ग्राहक की खास जरूरतों के अनुसार तैयार किए गए वित्तीय समाधान उपलब्ध कराती है। इस साझेदारी की शुरुआत पेर्डिक्स प्लेटफॉर्म पर किसानधन के अधिकांश उत्पादों के सफल ऑनबोर्डिंग के साथ हुई है, जो इस प्लेटफॉर्म की क्षमताओं और आने वाले चरणों के लिए एक मजबूत मापदंड स्थापित करता है।इस अवसर पर बताते हुए किसानधन एग्री फाइनेंशियल सर्विसेस के सीईओ गुरिंदर सिंह सेहम्बे ने कहा, किसानधन में हमारा लक्ष्य है कि हम कृषि और ग्रामीण पारिस्थितिकी तंत्र में किसानों और उद्यमियों को सशक्त करने वाले वैश्विक मानकों के वित्तीय समाधान उपलब्ध कराएं। यह सहयोग एक सहयोगी पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण और ऋण जीवनचक्र की पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। द्वारा सॉल्यूशंस के साथ साझेदारी से हम तेज़ टर्नअराउंड टाइम के साथ बेहतर तरीके से कस्टमाइज़्ड वित्तीय उत्पाद प्रदान कर पाएंगे। पेर्डिक्स प्लेटफॉर्म के एकीकरण से हमारी ऋण प्रक्रियाएं और अधिक सरल होंगी और हम ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक व्यापक ग्राहकों को व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुरूप ऋण उपलब्ध करा सकेंगे। द्वारा सॉल्यूशंस के एमडी एवं सीईओ विजय चंद ने कहा,हम किसानधन एग्री फाइनेंशियल सर्विसेस के साथ इस साझेदारी को लेकर उत्साहित हैं। यह सहयोग भारत भर में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए अत्याधुनिक तकनीकी समाधान उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। द्वारा सॉल्यूशंस विभिन्न प्रकार की एसेट क्लासेस के लिए काम करता है और वित्तीय संस्थानों को ग्राहकों की ज़रूरतों पर केंद्रित रहते हुए उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं देने में सक्षम बनाता है। इसके लिए यह मॉड्यूल्स, एपीआई और उत्पादों का एक व्यापक पोर्टफोलियो उपलब्ध कराता है।